(b) if so, what are the reasons?

THE MINISTER OF STATE OF THE MINISTRY OF PETROLEUM AND NATURAL GAS (CAPT. SATISH SHARMA): (a) During the period April to November, 1992, the production of indigenous crude oil fell short of the target by about 3.7 per cent.

(b) The reasons for shortfall include (i) less base potential, (ii) power shutdown, (iii) high water cut in the heavy oilbelt, (iv) development of pressure sinks in some of the fields, (v) production from Ravva Phase-I (K.G. Offshore) could not be achieved due to delay in completion by HSL (vi) inadequacy/interruptions in tanker availability for uplifting crude from isolated fields, and (vii) Bandhs, agitations and disturbance of normal operations.

तेल और प्राकृतिक गैस आयोग के अधिकारियों के विरुद्ध प्रथम सूचना रिपोर्ट

307. **श्री राम जेठमलानी :**
श्रीमती सुषमा स्वराज :

क्या **पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार का ध्यान दिनांक 26 नवम्बर, 1992 के दैनिक "स्टेटसमैन" में "एफ. आई. आर. एगेन्स्ट ओ एन जी सी आफिशियल्स" शीर्षक के अंतर्गत प्रकाशित समाचार की ओर दिलाया गया है ;

(ख) यदि हां, तो क्या यह सच है कि केन्द्रीय जांच ब्यूरो ने तेल और प्राकृतिक गैस आयोग के कुछ अधिकारियों के विरुद्ध प्रथम सूचना रिपोर्ट दर्ज कराई है और उन पर गंभीर आरोप लगाये हैं ;

(ग) यदि हां, तो ये आरोप क्या हैं और क्या इस संबंध में आरोपित अधिकारियों के विरुद्ध कोई जांच की गई है और उन अधिकारियों के नाम और पदनाम क्या-क्या हैं ;

(घ) यदि हां, तो क्या जांच के दौरान आयोग के कार्यालय में इन अधिकारियों को उनके पद से मुक्त कर दिया गया था जिससे जांच कार्य पर कोई प्रभाव न पड़े ; और

(ङ) यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं ?

पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय के राज्य मंत्री (कप्टन सतीश शर्मा) : (क) जी, हां।

(ख) से (ङ) केन्द्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सी बी आई) ने किये गये इस अपराध के लिए भारतीय दंड संहिता और भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम 1988 की विभिन्न धाराओं के तहत अन्यों के साथ-साथ तेल एवं प्राकृतिक गैस आयोग के एक अधिकारी के विरुद्ध मामला दर्ज किया है। तेल एवं प्राकृतिक गैस आयोग के संबंधित अधिकारी को 2.12.1992 से निलंबित कर दिया गया है।

पेट्रोल और पेट्रोलियम उत्पादों का आयात

308. **डा० जिनेन्द्र कुमार जैन :**
श्री राम जेठमलानी :

क्या **पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि देश में पेट्रोल और पेट्रोलियम उत्पादों की खपत में वृद्धि होने के कारण इनके घरेलू उत्पादन और मांग में अधिक अंतर हो जाने के परिणामस्वरूप पेट्रोल और पेट्रोलियम उत्पादों का आयात बढ़ गया है ;

(ख) यदि हां, तो चालू वित्तीय वर्ष के दौरान पेट्रोल और पेट्रोलियम उत्पादों के आयात पर कितनी धनराशि व्यय किये जाने की संभावना है और गत वर्ष व्यय की गई धनराशि की तुलना में यह कितनी कम अथवा अधिक है ; और